बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना

आवश्यक सूचना

बिहार सरकार के विभिन्न विभागों में सहायक अभियन्ता के पदों पर नियुक्ति हेतु पुनर्विज्ञापन

CWJC No 5799/2017 Kumud Ranjan Prabhat and others vs The State of Bihar and others में पारित न्यायादेश के क्रम में पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन संख्या 02/2017, सहायक अभियन्ता (असैनिक), विज्ञापन संख्या 03/2017, सहायक अभियन्ता (यांत्रिक) एवं विज्ञापन संख्या 04/2017, सहायक अभियन्ता (असैनिक) के पदों पर नियुक्ति हेतु पूर्व में न्यूनतम उम्र सीमा के लिए निर्धारित कट ऑफ तिथि 01.08.2016 को संशोधित कर दिनांक 01.08.2017 निर्धारित की जाती है। उक्त तीनों विज्ञापनों के लिए आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक 06.12.2017 के अपराह्न 5.00 बजे तक निर्धारित की जाती है। चूँकि पूर्व प्रकाशित विज्ञापन में आवेदन पत्र प्राप्ति की तिथि को विस्तारित किया जा रहा है, इस परिपेक्ष्य में पूर्व विज्ञापन के बाद प्राप्त नई रिक्तियों को भी विज्ञापन में शामिल गया है।

इच्छुक अभ्यर्थी जो आवश्यक शैक्षिक योग्यता धारित करते हैं, वे आवेदन कर सकते है। पूर्व में जिन अभ्यर्थियों के द्वारा आवेदन पत्र समर्पित किया जा चुका है उन्हें फिर से आवेदन पत्र समर्पित करने की आवश्यकता नहीं है। लेकिन ऐसे अभ्यर्थी जिन्होनें पूर्व में बिना वांछित शैक्षिक योग्यता प्राप्त किये आवेदन पत्र समर्पित किया है और अगर वे विस्तारित तिथि तक वांछित योग्यता धारित करते हों तो पुनः वैसे अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र भरकर समर्पित करना अनिवार्य होगा।

इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग के वेबसाइट www.bpsc.bih.nic.in पर देखा जा सकता है।

Sd/- 9/11/2017

विशेष सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना